15.86 hrs.

STATUTORY RESOLUTION RE: DISAPPROVAL OF MAINTENANCE OF INTERNAL SECURITY (AMENDMENT) ORDINANCE AND MOTION RE DISAPPROVAL OF PRESIDENTIAL ORDER SUSPENDING CITIZENS' RIGHT TO MOVE A COURT AGAINST DETENTION ORDERS UNDER MISA AND CONSERVATION OF FOREIGN EXCHANGE AND PREVENTION OF SMUGGLING ACTIVITIES BILL—*contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: We will now take up the Statutory Resolution on the Maintenance of Internal Security (Amendment) Ordinance, the motion on the Presidential Order and the Conservation of Foreign Exchange and prevention of Smuggling Activities Bill. Shri Atal Bihari Vajpayee will continue his speech.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर) उपाध्यक्ष महोदय, मेरी माग है कि सुप्रीम कोर्ट के एक जज की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार-सम्पन्न आयोग बनाया जाये, जो राजनैतिक नेताओ तथा सरकारी अफ़सरो के साथ तस्करो की साठ-गाठ की जाच करे।

आज प्रधान मत्री और उन की सरकार यह दावा कर रहे है कि तस्करो के विरुद्ध कार्यवाही कर के उन्होंने बडा साहसपूर्ण कदम उठाया है। लेकिन सच्चाई यह है कि आज तक इस सरकार ने तस्करो के अपराधो पर लीपा-पोती करने का काम किया है। 1970 मे ले कर 1974 तक की ससद् की कार्यवाही इस बात की साक्षी है कि विरोधी दलों के सदस्यो ने राजनैतिक नेताओ क साथ तस्करो की साठ-गाठ का सवाल बार-बार उठाया, और हर बार सरकार की ओर से टाल-मटोल करने वाले जबाब दिये गये, राजनैतिक नेताओं के आचरणो की जांच नही की गई, तस्करो के साथ रियायतें बरती गई' उन्हे पासपोर्ट दिये गये, उन्हे 'पी' फ़ार्म दिये गये, रिजर्व बैंक से उन्हें विदेशी मुद्रा दी गई, और जो तस्कर गिरफ़तार भी कर लिये जाते थे, वे जल्दी से जमानत पर छूट जाये, इस तरह का प्रबन्ध किया जाता था।

मेरे सामने 1 अप्रैल 1970 की लोक सभा की कार्यवाही की रिपोर्ट है। श्री जार्ज फ़रनेंडीज का एक प्रश्न था— मैं उस को पढ़ रहा हू —

"क्या हाजी मस्तान मिर्जा को 1966 में बम्बई के रिजनल पास्पोर्ट अफ़सर ने पास्पोर्ट देने से इन्कार किया था? क्या बाद मे उसे पासपोर्ट दिया गया? किस की सिफ़ारिश पर? क्या सरकार को पता है कि इस समय मस्तान तस्करी के जुर्म मे हिरासत मे है? क्या सरकार उस का पास्पोर्ट रद्द करेगी?"

उत्तर देने वाले विदेश उपमत्री, श्री सुरेन्द्र-पाल सिंह थे। उन का उत्तर इस प्रकार था:

"1961 और 1963 में हाजी मस्तान मिर्जा की पास्पोर्ट की अर्जी नामजूर कर दी गई थी। उसे 7 नवम्बर, 1966 को पास्पोर्ट एक साल के लिए दिया गया—गुजरात के गवर्नर ने उसे अच्छे चरित्र का प्रमाण पत्र दिया, उस के आधार पर। 23 सितम्बर, 1969 को नई दिल्ली के राजस्व खुफ़ियागिरी निदेशालय ने रपट दी थी कि मस्तान के घर से तस्करी का माल बम्बई कस्टम अधिकारियो ने 19 जुलाई, 1969 को बरामद किया है। उसे 20 जुलाई को गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर छोड़ दिया गया।"

उस समय गुजरात के राज्यपाल श्री नित्यानन्द कानूनगो। उन्होंने पास्पोर्ट की

सिफ़ारिश करते हुए जो प्रमाण पत्र दिया, वह इस प्रकार है :

"मैं श्री हाजी मस्तान मिर्जा को बम्बई के श्री अख़्तर सैयद के माध्यम से बहुत अच्छे चारित्रिक इतिहास वाले एक भारतीय नागरिक के रूप में जानता हूं। वह अपने रिश्तेदारों की देखभाल के लिए अदन जाना चाहते हैं। यह बहुत जरूरी है कि वह शीघ्र यात्रा करें, जिस के लिए आवश्यक कागजात उन्हें प्रदान किये जायें।"

जब यह मामला मेरे मित्र, श्री मधु लिमये ने 18 मार्च को उठाया, तो सरकार की ओर से कहा गया कि जांच हो रही है। बाद में श्री कानूनगो ने कहा कि मेरे दस्तख़त जाली बनाये गये हैं। तब सदन में यह मांग की गई कि अगर हाजी मस्तान मिर्जा ने जाली दस्तख़त बनाये हैं, तो उस पर जालसाजी का मुकदमा चलना चाहिए। लेकिन बम्बई के प्रैजीडेंसी मैजिस्ट्रेट ने फ़ैसला किया ...

श्री मधु लिमये (बांका): और हाई कोर्ट ने उस की ताईद की।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : ... कि वे दस्तख़त जाली नहीं थे, बल्कि वे श्री कानूनगो के सही दस्तख़त थे। एक कुख्यात तस्कर राज्यपाल से प्रमाणपत्र प्राप्त करने में कैसे सफल हो गया ?

इतना ही नहीं, हाजी मस्तान मिर्जा को विशेष कैटेगरी का टेलीफ़ोन दिया गया। यह मामला भी 2 अप्रैल 1970 को श्री जार्ज फ़रनेंडीज ने उठाया। मैं उन का प्रश्न पढ़ना चाहता हूं :

"क्या यह सच है कि हाजी मस्तान नाम के आदमी को, जो कि वैतुल सरूर, 61/1, वार्डन रोड, बम्बई-26 में रहता है, एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में "मुक्त श्रेणी (विशेष) में टेलीफ़ोन कनेक्शन (नं० 359358) दिया गया है ?

इस श्रेणी के लिए इस की सिफ़ारिश किन लोगों ने की थी ? क्या बम्बई टेलीफ़ोन विभाग ने हाजी मस्तान की समाज सेवा के बारे में पूछ ताछ की ? क्या यह सच है कि पहले एक बार उसे 'मुक्त श्रेणी' में फ़ोन देने से इन्कार किया गया था ?

बम्बई टेलीफोन विभाग ने अपना फैसला क्यों बदला ?" उत्तर दिया उस समय के सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री श्री शेर सिंह, ने जो इस प्रकार है :

"हां सिफारिश इन लोगों ने की थी :

1. आदम आदिल एम० एल० ए०।

2. वी० एम० याज्ञिक शराबबन्दी मंत्री, महाराष्ट्र सरकार।

3. भगवानदास के० अशार अध्यक्ष बी-वार्ड जिला कांग्रेस कमेटी।

4. टी० पी० करीमशा, उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र मजदूर सभा, बम्बई।

5. एम० ए० खटाल, म्यूनिसिपल कौंसिलर। . . ."

बड़ी बड़ी विभूतियां इस में शामिल हैं। जब इस मामले पर सदन में चर्चा हो रही थी 3 . . (व्यवधान) . . . . तो कांग्रेस की तरफ से श्री नोतिराज सिंह चौधरी ने एक

बात पूछा था। वह अभी तक मन्त्रिमंडल में थे, अब नहीं हैं। उन्होंने एक प्रश्न यह पूछा था कि

"क्या सरकार जानती है कि तस्करी को ये अफसर बढ़ावा देते हैं जिनका काम इसे रोकना है?"

उन्होंने आगे कहा—

"बी०बी०ए०सी० के गोल्ड केस में मूल रपट हमारे एक अफसर ने बदल दी और लगभग एक चौथाई रपट फिर से लिख दी। मैं यह रपट पटेल पर रखना चाहता हूं। यह 32 पेज की रपट है।"

अध्यक्ष ने उस समय कहा कि इसे पटल पर रखना जरूरी नहीं है सवाल पूछिए। तो उन्होंने फिर पूछा—

"मैं जानना चाहता हूं कि क्या रेवेन्यू इंटेलिजेंस के डायरेक्टरों ने 30 नवम्बर 1967 की अपनी मूल रपट और एक छोटी रपट बदल दी थी और एक-चौथाई रपट फिर से लिख दी थी?"

इसका कोई जवाब नहीं मिला।

एक माननीय सदस्य कौन से अखबार में पढ़ रहे हैं आप?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : यह अखबार वही है जिसकी बहुत चर्चा यहां हो चुकी है—प्रतिपक्ष। मगर केवल अखबार पर मैं निर्भर नहीं करता हूं। आप चाहें तो सदन की कार्यवाही से मैं पढ़ कर सुना सकता हूं।

अगर राजनैतिक नेता तस्करों को संरक्षण देते रहेंगे, तस्कर उनके साथ मैत्री का दावा करते रहेंगे, अगर राजनैतिक नेताओं के चुनाव में तस्कर काम करते रहेंगे और उनसे सच्चरित्रता का प्रमाण पत्र प्राप्त करते रहेंगे तो तस्करों के खिलाफ कभी कठोर कार्यवाही नहीं हो सकती है।

एक तस्कर हैं श्री कृष्णा बुधा गावडे, वह 67 वर्ष के तस्कर हैं। वह अभी पकड़े गये हैं। बम्बई के तस्कर हैं। उन्होंने हाईकोर्ट में अपनी नजरबन्दी के खिलाफ एक रेप्रेजेन्टेशन दी है और उस रेप्रेजेन्टेशन के साथ एक सर्टिफिकेट दिया है। वह सर्टिफिकेट दिया है श्री एच० आर० गोखले का। वह सर्टिफिकेट इस प्रकार है

"It gives me a great pleasure to say that Shri K. B. Gowde worked for me during the mid-term poll. He is a hard-working and a loyal worker. He proved to be of assistance in the last election. I wish him well."

SHRI MADHU LIMAYE Did the Indira wave consist of such people?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: यह 1971 के मध्यावधि चुनाव की बात है। चुनाव के तुरन्त बाद यह सर्टिफिकेट दिया गया है। उस समय भी वह तस्करी में फंसे थे। दो वर्ष पूर्व कृष्णा गावडे को कस्टम वालों ने नौका में तस्करी का माल उतारते हुए पकड़ने का प्रयास किया था। उसके सेवकों ने कस्टम वालों को मारपीट करके भगा दिया और वे दो लारी सामान लेकर भागने में सफल हुए। गावड़े पर हत्या का आरोप लगाया गया था लेकिन वह साबित नहीं हो सका। पुलिस ने उसे साबित करने की कोशिश नहीं की। गावडे छूट गया और विधि मंत्री के चुनाव में एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में प्रकट हो गया।

प्रश्न यह है कि तस्कर करोड़ों रुपये की सम्पत्ति एकत्र करने में कैसे सफल हुए? आप उनके महल देखिये, उनकी गाड़ियों की संख्या देखिये, भोग और विलास से भरा हुआ उनका जीवन देखिये, उनके स्वामित्व में चलने वाले सिनेमा घर देखिये,

एक माननीय सदस्य स्विमिंग पूल देखिये।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : और उसके नीचे लगा हुआ काच देखिये जिसके नीचे एक कमरा बना हुआ है।

श्री मधु लिमये उसके नीचे मत जाइये।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मै नही जाता। लिमये जी जा सकते हैं। मेरे लिये मना है।

क्या इनकम टैक्स वालो का यह काम नही कि पूछे कि इतनी सम्पत्ति कहा से आई ? राम नारायन ने एक एम्बेसेडर होटल 76 लाख मे खरीदा। क्या उससे पूछा गया कि यह धन कहा से आया ? उसने बडी चालाकी से खरीदा, एस्टेट ड्यूटी नही दी और मुलतान ब्रदर्ज का कट्रोलिंग इटरेस्ट खरीद लिया। 7 लाख रुपये की स्टैम्प ड्यूटी बचाने मे नारायन सफल हो गया। आय कर, सम्पत्ति कर, एस्टेट ड्यूटी कुछ नही दी लेकिन क्या इनकम टैक्स वाले यह नही पूछ सकते थे कि यह दौलत कहा से आई ?

अब कल केरल के जिस तस्कर का नाम लिया गया वह बडा दान दाता है, जिसने मस्जिदे बनाई हैं, कासर गोड के पास एक बडी मस्जिद उसने खडी की है, उस मजिस्द मे एक टावर लगा है। वहा नमाज पढने कोई नही जाता। वह टावर लगाया है समुद्र मे आने वाली नौकाओ को देखने के लिए। भारत सरकार ने स्मगलिंग पर एक डाकूमेंट्री बनाई है। उस डाकूमेंट्री मे वह मस्जिद आ गई तो केरल मे हगामा खडा कर दिया गया। (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य मन्दिर के लिए नही दिया ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी मन्दिर के लिए भी दिया होगा। लेकिन वह मन्दिर अगर डाकूमेंट्री मे आ जाय तो हमे कोई आपत्ति नही होगी। मगर केरल की सरकार ने क्या किया ? भारत सरकार के फिल्म डिवीजन द्वारा बनाई गई डाकूमेंट्री का प्रदर्शन रोक दिया। तस्कर न केवल केरल की सरकार को चला रहे हैं, भारत सरकार को भी अपने हाथ में नचा रहे हैं।

आयकर विभाग का ही सवाल नही है, कस्टम के अधिकारी भी इसमे शामिल है। मैंने कल कहा था कि मगलौर से लेकर कैनेनोर तक मैं गया। पश्चिमी समुद्र का सारा किनारा अरक्षित पडा है। क्या सेंट्रल रिजर्व पुलिस नही लगाई जा सकती ? क्या बार्डर सेक्योरिटी फोर्स इन तस्करो के जाल को तोडने के काम मे नही लगाई जा सकती ? मैं तो समझता हू कि आवश्यकता पडे तो माल ले कर विदेश से जो नौकाए आती है और हमारे देश की अर्थ-व्यवस्था को छिन्न विच्छिन्न करती हैं उन नौकाओ को समुद्र मे डुबाने के लिए जल-सेना का भी उपयोग किया जा सकता है। मगर बोर्डर सेक्योरिटी फार्स बिहार मे काम आ सकती है, सेंट्रल रिजर्व पुलिस निरपराध लोगो को गोली का निशाना बनाने के लिए प्रयुक्त की जा सकती है, तस्करो से लडने के लिए उसका उपयोग नही किया जा सकता।

अभी मिसा के अन्तर्गत तस्कर पकडे जा रहे हैं, कुछ छूट रहे है। इसलिए राष्ट्रपति का आदेश जारी कर दिया गया। हाई कोर्ट किसी तस्कर को तब छोडता है जब "डिटेंशन" के "ग्राउन्ड" या तो "वेग" होते है या "इन्डैफिनिट" होते है। डिटेंशन के ग्राउन्ड्स वेग और इन्डेफिनिट रखने के लिए दोषी कौन हैं ? अफसरो की तस्करो के साथ साठ-गाठ है। जानबूझ कर डिटेंशन के ग्राउन्ड्स मे कमी रखी जाती है। फिर तो अदालत अपना काम करेगी। अगर ग्राउन्ड्स वेग है, अनिश्चित हैं तो अदालत संविधान के अन्तर्गत उन्हे रिहा करेगी। उसे रोकने का तरीका राष्ट्रपति का

आदेश जारी करना नहीं है। जो डिटेंशन में लेते है उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई ? किसी अफसर से पूछा गया कि ये ग्राउन्ड्स वेग क्यो थे ? आधार अनिश्चित क्यों थे ?

आज मिसा का क्या हाल हो गया है ? सुप्रीम कोर्ट में एक मामला आया बिहार के छात्र नेता श्री रामबहादुर राय का। डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट ने उन पर यह आरोप लगा दिया कि वह गुजरात जैसा आन्दोलन बिहार मे भी करना चाहते है। अब उनसे पूछा गया कि गुजरात जैसे आन्दोलन का क्या मतलब है ? उन्होने कहा कि यह तो कामन-सैन्स की बात है। तब फिर जस्टिस चन्द्रचूड ने कहा—कामन-सैन्स तो आज बडी अनकौमन हो गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति को इसलिये रिहा कर दिया कि उसके ऊपर आरोप लगा था कि उसने अपनी दीवार से एन्टी नक्सलाइट स्लोगन साफ कर दिये। क्या दीवार को साफ करना भी जुर्म है ? क्या इस से वह नक्सलपथी साबित होता है ? लेकिन इस आधार पर उसको नजरबन्द किया गया और सुप्रीम कोर्ट ने उसको छोड दिया। जस्टिस ऐयर का कहना है—अगर इस तरह से इन असाधारण अधिकारो को काम में लाया जायगा तो एक्जीक्यूटिव की सबूत पेश करने की क्षमता और भी कम होगी। मै जस्टिस ऐयर के निर्णय के एक अश को उद्धृत करना चाहता हू—

"The potential executive tendency to shy at courts for prosecution of ordinary offences and to rely generally on the easier strategy of subjective satisfaction is a danger to the democratic way of life."

श्री शमीम अहमद शमीम (श्रीनगर) यह रीएक्शनरी जज मालूम होता है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी ये वह जस्टिस है जो केरल में मिनिस्टर थे। श्री कृष्ण ऐयर बडे प्रगतिवादी है।

श्री शमीम अहमद शमीम · बाद में हो गये होंगे, रीएक्शनरी होने देर नहीं लगती है।

श्री दीनेन भट्टाचार्य (सीरमपुर) · ये अन-कमिटेड जज है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी यह बात भी सदन का मालूम है कि जब हाजी मिर्जा मस्तान का मामला बम्बई में एक मैजिस्ट्रेट के सामने गया था तो हाजी मिर्जा मस्तान के पक्ष मे जो वकील उसकी तरफ से पेश हुए थे—वे स्वर्गीय मोहन कुमार मगलम थे।

श्री शमीम अहमद शमीम वह वकील थे इस लिये गये। अगर आप वकील होते तो आप भी गये होते।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अगर यह बात गलत होती तो मुझे खुशी होती।

SHRI DINEN BHATTACHARYYA. He is not right reactionary but wrong reactionary.

SHRI S A SHAMIM. The lawyers did take objection

SHRI K. P UNNIKRISHNAN (Badagara) What exactly are you trying to prove?

I am charging you of having taken money from smugglers. I will give you details

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Come out with a proof.

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN. Even in his professional capacity he has not appeared. That is a fact You are trying to play politics.

श्री एम० रामगोपाल रेड्डी (निज़ामाबाद) : अब्दुल्ला को मस्तान ने पैसा दिया—क्या आपके पार्टी वालों ने इस किस्म का कोई इल्ज़ाम लगाया है ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपाध्यक्ष महोदय, आज यह बात कही जा रही है कि जब हम मूलभूत अधिकारों की रक्षा की बात कहते हैं . . .

श्री राजा कुलकर्णी (बम्बई–उत्तर-पूर्व) : किसके मूलभूत अधिकार ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हर एक नागरिक के मूलभूत अधिकार। जब यह बात कही जाती है तो यह भी कहा जाता है कि तस्करों के खिलाफ़ सामान्य कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। अगर आवश्यक हो तो उस कानून को और मजबूत बनाया जा सकता है। लेकिन सरकार को इस तरह की ब्लांकट पावर्स नहीं दी जा सकती। आज इन पावर्स का दुरुपयोग हो रहा है। कोई भी जिला मैजिस्ट्रेट किसी भी व्यक्ति को संदेह में पकड़ सकता है, स्मग्लर बता कर हवालात में डाल सकता है।

अभी मथुरा का एक मामला मेरे पास आया है। एक व्यक्ति को पकड़ने के लिये कस्टम अधिकारी गये, 25 हजार रुपये मांगे। देने से इन्कार किया। इतने में गश्त लगाती हुई पुलिस वहां आ गई, तो कस्टम के अफसर कागज छोड़ कर भाग गये। वे सारे कागज मेरे पास हैं, इसमें इन्टैलीजेन्स की रिपोर्ट भी शामिल है, इसमें डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने जो लिखा है, वह भी शामिल है। उत्तर प्रदेश के चीफ़ सक्रेटरी को जो चिट्ठी लिखी है, वह भी शामिल है और, उपाध्यक्ष महोदय, इसमें कहा गया है कि इस व्यक्ति पर शक है कि यह चोरी-छिपे आने वाले सोने का व्यापार करता है। मगर रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि जब घर की तलाशी ली गई तो सोना नहीं मिला। मगर शक है। तो क्या शक पर आप पकड़ सकते हैं, शक पर हवालात में डाल सकते हैं, शक पर उसकी व्यक्तिगत स्वाधीनता को छीन सकते हैं ? क्या आपको सबूत नहीं चाहिए ? क्या अदालत के सामने दोषी प्रमाणित करना सरकार की जिम्मेदारी नहीं है ? जब हम यह बात कहते हैं तो कहा जाता है कि विरोधी दल वाले तस्करों को बचा रहे हैं। इसीलिये मुझे राजनीतिक सम्बन्धों की चर्चा करनी पड़ी और इसी लिये मैंने स्वर्गीय मोहन कुमार मंगलम का नाम लिया। अगर वह गलत है तो मुझे खुशी है।

आज जब हम मूलभूत अधिकारों के लिये लड़ते हैं तो हम पर आरोप लगाया जाता है कि हम तस्करों को बचाना चाहते हैं। मैं साफ़ तौर से कहना चाहता हूं—हम तस्करों के खिलाफ़ कड़ी कार्यवाही करने के पक्ष में हैं, लेकिन यह आदेश उस आवश्यकता की पूर्ति नहीं करता। इसलिये हम ने मांग की है कि एक उच्च अधिकार सम्पन्न आयोग बनाया जाये जो तस्करों का सम्बन्ध राजनीतिक नेताओं के साथ, तस्करों का सम्बन्ध नौकरशाही के साथ, ब्यूरोक्रेसी के साथ—इन सम्बन्धों की जांच करे और फिर यह तय करे कि किस तरह से तस्करों से निबटने के लिये प्रभावी कार्यवाही की जा सकती है।

मैं अध्यादेशों की बात करता हूं, राष्ट्रपति द्वारा जारी किये गये आदेशों के खिलाफ़ हूं और मैं चाहता हूं कि वित्त मंत्री महोदय अध्यादेशों को रद्द हो जाने दें, आदेश को वापस लें और एक कम्प्रीहैन्सिव बिल लेकर आयें जिसमें सभी आर्थिक अपराधों के खिलाफ़ कड़ी कार्यवाही का समावेश हो। अभी तक किसी तस्कर की सम्पत्ति जब्त नहीं की गई है। जो पकड़े गये, यरवादा जेल में गुलछर्रे उड़ा रहे हैं . . .

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN: Will you agree for a change in the Constitution in respect of 'property'?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : संविधान को पहले ही परिवर्तित कर चुके हैं, संसद् से अधिकार पहले ही ले चुके हैं कि संसद् सर्वोच्च है. . . . .

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN: I am asking you.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: You are asking me. I am not the Finance Minister. I am not the Prime Minister of this country. You have the majority.

उपाध्यक्ष महोदय, क्या यह मामला हमारी सहमति के लिये रुका हुआ है––क्या ये हर काम वही करते हैं जो हम पसन्द करते हैं। हम जिस काम के लिये "न", करते हैं, क्या ये उस काम को नहीं करते ? हम तो कह रहे हैं कि सी०बी०आई० की रिपोर्ट सभा पटल पर रख दें, क्या आप तैयार हैं ?

हम मांग कर रहे हैं कि कानून के अनुसार तस्करों की सम्पत्ति को जब्त करने का सरकार को अधिकार मिलना चाहिए और अगर सरकार इस तरह का अधिकार मांगने के लिये सदन में आयेगी तो हम उसका समर्थन करेंगे। लेकिन वित्त मंत्री महोदय कंसल्टेटिव कमेटी में बता चुके हैं कि इसके लिये संविधान बदलने की जरूरत नहीं है। लेकिन फिर भी ये किसी की सम्पत्ति नहीं लेंगे। उनसे सम्पत्ति ली जायगी––चुनाव लड़ने के लिये, वही सौदे हो रहे हैं––नजरबन्द तस्करों के साथ।

उपाध्यक्ष महोदय, जरा मैं पंजाब के बारे में भी बतला दूं। सरदार दरबारा सिंह जी ने अच्छी याद दिलाई। पंजाब के मुख्य मंत्री ने कहा है कि जो राजनीतिक नेता तस्करी में फंसे हुए हैं उनके बारे में मुझे मालूम है, मगर मैं बतलाऊंगा नहीं, क्योंकि यह पब्लिक इन्टरेस्ट में नहीं है। मगर चीफ मिनिस्टर उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि कड़ी कार्यवाही हो और तस्करी की बात खुले। . . . .

श्री दरबारा सिंह (होशियारपुर) : उन्होंने यह कहा है कि कोई आदमी बतलाये कि कौन मिनिस्टर है जो तस्करी करते हैं। उन्होंने इस बात को चैलेन्ज किया है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : दरबारा सिंह जी, तब तो आप भी बतला सकते हैं।

श्री दरबारा सिंह : आप को सब बातों का ज्यादा पता है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मेरा निवेदन है कि वित्त मंत्री महोदय एडहाक, कामचलाऊ, कदमों से तस्करी की गम्भीर समस्या को हल करने का नाटक न खेलें, असाधारण अधिकार हरदम नहीं रहेंगे। तस्करी का हमें निर्मूलन करना है। इसके लिये प्रभावी कार्यवाही होनी चाहिए। यह अध्यादेश इस उद्देश्य की पूर्ति नहीं करता।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Resolution moved:

"This House disapproves of the Maintenance of Internal Security (Amendment) Ordinance, 1974 (Ordinance No. 11 of 1974) promulgated by the President on the 17th September, 1974."

Motion moved:

"That this House disapproves of the Presidential Order issued on the 16th November, 1974 under clause (1) of article 359 of the Constitution suspending citizens' right to move any court with respect to orders of detention under the Maintenance of Internal Security Act, 1971 for the enforcement of the rights conferred by article 14, article 21 and clauses (4), (5), (6) and (7) of article 22 and also suspending all proceedings pending in any court for the enforcement of the aforesaid rights with respect of orders of detention under the Maintenance of Internal Security Act."

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI C. SUBRAMANIAM): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I beg to move*:

"That the Bill to provide for preventive detention in certain cases for the purposes of conservation and augmentation of foreign exchange and prevention of smuggling activities and for matters connected therewith, be taken into consideration."

15.57 hrs.

[DR. HENRY AUSTIN *in the Chair*]

Sir, as honourable Members are aware, the prevention of smuggling and the conservation of foreign exchange are of vital importance to a country like ours. In order to frustrate the activities of those anti-social elements which seek to take advantage of the country's situation in order to enrich themselves, Government have from time to time taken various legislative and administrative measures. In 1962, the Customs Act, in which the Customs law was comprehensively revised, was enacted. In 1969, legislative action was taken for regulating the possession and sale in vulnerable areas of articles smuggled on a large scale. Further measures were recommended by the Law Commission in its Report on "Trial and Punishment of Social and Economic Offences". Amendments to the Customs Act to give effect to the important recommendations of the Law Commission were effected in 1972. A number of the Law Commission's recommendations were also incorporated in the Foreign Exchange Regulation Act, 1973.

The administrative arrangements for dealing with smuggling and foreign exchange violations have also been progressively strengthened. The preventive formations in the Bombay and Madras Custom Houses and the Central Excise Collectorates at Ahmedabad, Bombay, Cochin and Madurai have been reorganised, and Preventive Collectors have been posted at Bombay, Ahmedabad and Patna. Additional manpower has been deployed for preventive work in sensitive areas. Action has been taken to set up a wireless communication net-work covering the West Coast and the Tamil Nadu coast. In order to strengthen patroling of and interception at sea, arrangements have been made for the purchase of 20 fast vessels from Norway. Two of these have already arrived and have been deployed at Bombay, with results which have proved encouraging.

We have, however, found that because of the vast coast line and long land frontiers of our country, the legislative and administrative measures so far taken to check smuggling have not proved adequate. Experience has shown that the persons who have master-minded the smuggling operations worked behind the scenes. It was usually only a landing agent or a carrier who, because of his overt activities, could be apprehended and subjected to action under the existing law, while the main organisers and financiers behind the scenes were able to continue their operations despite the increasing tempo of the seizures. In many cases, the Preventive and Intelligence agencies of were in possession of reports indicating the activities of these persons but for lack of evidence acceptable in a court of law they could not be brought within the mischief of the ordinary law. The Law Commission appreciated the seriousness of the problem and remarked that since the offences against the regulations of foreign exchange and Customs have an immense impact on the well being of the entire nation by virtue of their pernicious effect on vital national policies, Government should not be without power to detain preventively hardened offenders against these laws. After 1972, when the Law Commission made its recommendation, the activities of the master smugglers have been a matter for increasingly serious concern, and it was in this background that the Maintenance of Internal Secu-

*Moved with the recommendation with the president.

rity (Amendment) Ordinance, 1974 was promulgated on the 17th September, 1974. This Ordinance amended the Maintenance of Internal Security Act, 1971, to bring within the scope of that Act various categories of smugglers and offenders against foreign exchange regulations. A statement showing the reasons for legislation by Ordinance has already been placed before the honourable Members. There will perhaps be general agreement that the activities of smugglers and foreign exchange raketeers are anti-social and pernicious. It may be desirable from all points of view to enact a self-contained measure, as the present Bill seeks to do, dealing exclusively with them and to segragate their cases from those of persons detained under Maintenance of internal Security for political or other reasons.

16.00 hrs.

Shri Vajpayee has in a very elaborate speech placed before the House various facts with regard to smuggling. That itself is a justification for a measure of this sort, but unfortunately along with it he tried to bring in certain political matters also with political orientation. I am really sorry that a leader of his stature should take this occasion, particularly when we are dealing with smugglers, to import, if I may say so, political insinuations into this. As far as is possible, I shall certainly deal with them when I reply to the debate. Now I only move for consideration of the motion.

MR CHAIRMAN: Motion moved·

"That the Bill to prove for preventive detention in certain cases for the purposes of conservation and augmentation of foreign exchange and prevention of smuggling activities and for matters connected therewith. be taken into consideration."

SHRI NOORUL HUDA (Cachar): I rise to oppose this Bill. What are the objectives behind the introduction of this Bill as also the ordinance promulgated on 17 September 1974? As the hon. Minister has indicated, this Bill is purportedly for conservation of foreign exchange, prevention of smuggling activities etc. and Government wish to arm themselves with sufficient powers so that smuggling can be brought under the ambit of MISA. In Odinance No. 11 of 1974. it is also said that the person concerned will be detained without obtaining the opinion of the Advisory Board for a period longer than three months but not exceeding one year from the date of detention and Government can detain any person on suspicion that a person smuggles or is likely to smuggle goods or about smuggling or is likely to abet other persons to smuggle goods. Lastly under the latest notification dated 16 November, 1974, the President has taken away the right of these detained under this Ordinance to move any court, the right remaining suspended for six months from the date of the issue of the order or the date of expiration of the proclamation of emergency which ever is earlier.

It has been stated before and also today that this Bill and the Ordinance would enable Government to detain anyone on suspicion of smuggling or foreign exchange rule violation and not allow the detenue an opportunity to prove his innocence. As is well known to the House, our party is totally against smugglers, smuggling activities, violators of foreign exchange regulations and any other economic offenders. But the question is why MISA or some such laws which authorise detention without trial is necessary to contain smuggling or to punish other economic offenders

As you know, under MISA a person cannot be punished. It is a Preventive Detention Act. On a suspicion, which has been described in the Bill, a person can be detained upto the extent of 6 months. There is no question of punishment, Government have not come forward with any comprehensive Bill to enable the

[Shri Noorul Huda]

Government to punish economic offenddess like smugglers in an exemplary manner. There are various Acts in India today which can take care of smuggling and other such economic offences. There is, for instance, the Customs Act and rules and regulations under which the Government and the concerned authorities can confiscate the smuggled goods and impose a penalty five times the total value of the contraband and also prosecute any person charged with such offences. There is the foreign Exchange Regulation Act, 1947, as amended in 1953, under which the Government and the concerned authorities can impose a fine five times the amount involved and also prosecute the offenders. We understand that during the last 14 years, in no case has the penalty amounting to more than three times the foreign exchange involved was imposed, inspite of all those rules and regulations and extraordinary powers that the Government have in their armoury. This is the position after 27 years of one party rule in the Centre and in the States. The States of Maharashtra, Gujarat and Kerala are mainly involved as far as economic offences are concerned. These State Governments and also the Central Government have not been able to impose any exemplary punishment on the economic offenders up till now. There is another Act—the Income-tax Act—under which since 1963 Government can impose a penalty on defaulters to the extent of 200 per cent of the amount involved. We do not know whether such Acts, rules and regulations have been applied against these economic offenders and to what extent. I submit that the existing laws of the country against economic offenders are in many ways more stringent than those obtaining in U.K. and U.S.A. Naturally, it follows that if these laws were honestly implemented there would be no need to resort to monstrous measures such as DIR or MISA.

Recently Government have been perturbed because some of the smugglers have been released by the High Courts. Why have they been released? The High Courts have made it clear that there is nothing wrong in the Acts but the grounds of detention have been prepared in such a haphazard and careless manner that the courts had no alternative but to release these smugglers. The grounds of detention which have been furnished to the offenders were found to be ineffective and so they were released by the High Courts.

Now Government have come forward with a promise that this extraordinary measure would last only for six months and not more than that. They have also said that if they in their wisdom decide to withdraw the proclamation of emergency then this Act would immediately lapse. After the emergency was proclaimed in 1962, except for a few months, all these long 12 to 13 years this measure has found a place in our statute book.

When is an emergency proclaimed. It is done only when there is external danger to the country. Recently we have signed an agreement with Pakistan. As far as we know, the Government of India do not fear any aggressive designs by the Peoples' Republic of China. In fact, in certain foreign capitals we have been trying to have better relationship with the Peoples' Republic of China. So, when there is no danger from any of our neighbouring countries, what is the necessity for continuing this emergency for the last 12 to 13 years? Naturally, we cannot place any reliance on the promise made by the Government on the floor of this House times without number that the emergency would be lifted and that DIR and MISA would not be used against political opponents.

Coming to leakage of foreign exchange, I understand that an official committee headed by the Secretary of the Finance Ministry of the Government of India made a number of suggestions to plug loopholes According to official estimates, which are gross under-estimates, the leakage of foreign exchange is round about Rs 240 crores per year. Yet, we understand that not a single suggestion of this official committee has been implemented during the last three years.

Why do we oppose this measure? We oppose it because in the name of preventing smuggling operations, in the name of containing economic offences, we cannot allow the Government or the executive to arm itself with extraordinary and draconian powers, because, we have seen that the Preventive Detention Act, in some form or other, has been in the statute book for so many years, and we have seen how the MISA and the Preventive Detention Act have been used mainly against political opponents, specially against the Communist Party and other trade unionists who are working in the Kissan Sabha those who are associated with progressive democratic movements amongst the youth and the students They have been detained under the MISA for many years Even now according to the latest hand-book which I have got, from 1st July, 1973 upto 31st March, 1974 (during this period) for reasons of violent activities, *goondaism*, bad character, communal agitations, maintenance of public order spying, security of the State, etc, the figure is, 1899 detained under the MISA and for reasons of hoarding profiteering, blackmarketing, disruption of essential services, adulteration, smuggling, etc, the number is 1,148 Out of these, in West Bengal alone, the number is 2,156.

This also appears to me an underestimate because we knew for certain that in West Bengal alone, the Communist Party Marxist and other party activities have been detained and their number is not less than 3,000 to the best of our information These people have been languishing in jail for the last so many years The Congress rulers have played havoc with the personal liberties of the citizens of this country The Central Government and various State Governments have employed the MISA against railwaymen during the railway strike of May, 1974 and also against teachers, students, power engineers, trade unionists and other workers.

They have employed these extraordinary methods not only in West Bengal but also in Gujarat, Bihar, Assam and other places You will be surprised to learn that in May, 1974, when about 17 lakh railwaymen went on strike for about three weeks, so many railwaymen were detained under the MISA and the grounds of detention given against some of the railwaymen in Badarpur and Lumding whom I know personally were fantastic The grounds given were, "You have have participate in such and such a procession on such and such a date, you were engaged in trade union activities; you were engaged in other activities. So, you are detained under the MISA." Without any rhyme or reason they are detained for an indefinite period

Today, in the name of anti-smuggling operations, if the Government want to detain any political worker, any political activist, any trade unionist, they can give the lebel of "smuggler" to any person and detain him for at least six months. There is no power a earth to prevent the Government from doing that.

SHRI C SUBRAMANIAM: Has there been any instance of any political worker being detained under this Ordinance?

SHRI NOORUL HUDA I can give you hundreds of cases

SHRI C SUBRAMANIAM Do it now There is no use of saying that there are hundreds of cases You give the instances now itself

SHRI NOORUL HUDA The MISA is only of recent origin Suppose there is some agitation in Bihar or in U P or in Gujarat or in any other State The Government can empower the District Magistrate to detain any person under the MISA If you want to detain any political worker any political activist you can give the lebel of smuggler and detain him How can prevent it? There is no power on earth to prevent it We have seen what happened in Gujarat and Bihar in the last few months

SHRI P G MAVALANKAR (Ahmedabad) Prof Dandavate was externed from Bihar Shri Vajpayee was arrested in Bihar Where was the agitation? You arrest people even without agitation You arrest them because of the political differences that you have against your opponents

SHRI PRIYA RANJAN DAS MUNSI (Calcutta-South) 500 Congressmen were also arrested in West Bengal Persons from Congress were also arrested

SHRI C M STEPHEN (Muvathupuzha) Can you tell us which person belonging to your Party was arrested under this particular Act?

SHRI NOORUL HUDA Not under this recently

MR CHAIRMAN Please confine yourself to the Bill Do not bring in other matters

SHRI NOORUL HUDA On behalf of the Communist Party of India (Marxist) I would say that the Government may arm itself with any power which would enable them to contain smuggling and other economic offences, we would be at one with them But at the same time we cannot allow MISA to be brought in a new form, under the garb of anti-smuggling operations In future, in various parts of our country agitations might occur any day and we cannot allow the Government to arm itself with such draconian and extraordinary power to arrest any person and level against him the charge of indulging in smuggling activities and detain him for six months or more The only solution for the Government is to bring forward a comprehensive Bill to strengthen the existing laws I have mentioned three or four laws those laws can be strengthened and we would be at one with the Government on that We want to contain this menace of smuggling But our Party is totally opposed to the introduction of MISA in a new form; this is politically motivated and we will oppose it until this draconian power is withdrawn we shall fight tooth and nail until the Emergency is revoked and until these Acts are removed from the Statute Book

श्री नवल किशोर शर्मा (दौसा)

सभापति महोदय मैं सरकार को मुबारिक-बाद देना चाहता हूं कि उस ने यह विधेयक प्रस्तुत कर के एक ऐसा कदम उठाया, जिसको हमारी बिगडती हुई अर्थ-व्यवस्था को सुधारने की दिशा में एक सही कदम कहा जा सकता है। मैं यह बता कर सदन का ज्यादा वक्त खराब नहीं करूंगा कि स्मगलिंग से देश को कितनी हानि होती है और स्मगलिंग कितने तरीके से होता है, लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि स्मगलिंग के जरिए हमारे देश में वह आवश्यक सामान, और ऐयाशी का सामान आता है, जिस की हमें जरूरत नहीं है। और इस के बदले में हमारे देश से वह सामान जाता है जिस की हम को बहुत जरूरत

है जिस को हम प्रिजर्व करना चाहते हैं। कस्टम की चोरी तो होती ही है लेकिन देश के अंदर अर्जित होने वाली विदेशी मुद्रा जिस की हमें बहुत आवश्यकता है उस की बहुत कमी होती है इस स्मगलिंग के कारण। स्थिति आज यह हो गई थी कि देश में इन स्मगलर्स ने एक समानान्तर अर्थ-व्यवस्था कायम कर ली थी। कहने की जरूरत नहीं है कि इन के पास बड़े-बड़े होटल, बड़े-बड़े सिनेमा घर और एक नहीं अनेकों तरह के धंधे है। पैसे के आधार पर दुर्भाग्य से इन्होंने सामाजिक प्रतिष्ठा भी प्राप्त कर ली थी। यह दुर्भाग्य की बात है। लेकिन यह दोष असल में पूंजीवादी व्यवस्था का है जिसमें कि हम रहते हैं, उस में जिस के पास पैसा होता है उस को सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त हो जाती है। इसी कारण इन लोगों को भी सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त हो गई। मैंने इस सबध में विरोधी दल के दो नेताओं के भाषण सुने। उन भाषणों को सुनकर मुझे थोड़ी हैरानी हुई और मैं हैरत में रह गया कि क्या हमारे देश के यही विरोधी दल के लोग है जो कभी सरकार के हट जाने पर आल्टरनेटिव सरकार बनायेंगे जो कहते कुछ है और करते कुछ है? हम ने बहुत देखा है इन के कारण को और दुर्भाग्य से यही कारण है कि ये बेचारे निराश होते है. कहीं भी इस सदन में या और किसी जगह बहुमत नहीं प्राप्त कर सकते क्यों कि इन की कथनी और करनी में बहुत अन्तर है। कहते तो हैं कि हम स्मगलिंग का बहुत बड़ा विरोध करते है और हम इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करते रहे है। लेकिन जब सरकार कदम उठती है स्मगलिंग को रोकने लिये तो उस में भी छिद्रावेषण करते है। उस की आलोचना करते हैं, कहते हैं कि आप को काम्प्रीहेंसिव ला लाना चाहिये। आप को एक ऐसा कानून बनाना चाहिये और उस कानून के अंतर्गत सजा देनी चाहिये। मुझे हैरत होता है कानून तो है; सजाएं भी हुई है। ऐसी बात नहीं है कि कानून नहीं है। सजा हुई है, 71 में भी कुछ लोगों को सजा हुई है, 72 में भी सजा हुई है, 73 में भी सजा हुई है और थोड़े लोगों को नहीं दो-दो तीन-तीन हजार लोगों को सजा हुई है लेकिन इसके बावजूद भी स्मगलिंग नहीं रुकी आंकड़ों के मुताबिक इस साल सम्भावना यह थी कि यदि स्मगलिंग के खिलाफ सरकार ने यह कदम न उठाया होता तो शायद चार सौ करोड़ रुपये का स्मगलिंग का व्यापार होता। ऐसी हालत में एक नकाब पहनकर यह कहना कि हम स्पॉट तो करते हैं लेकिन एक काम्प्रीहेंसिव ला होना चाहिये, यह अपने आप में एक मखोल की बात हो जाती है। मेरे मित्र हुना कह रहे थे कि कानून है और कानून के अन्तर्गत सजा देने का प्रावधान है, वह यह है कि माल जब्त कर लीजियेगा और पांच गुना पैनेल्टी लगा दीजियेगा... (व्यवधान) प्रोसीक्यूशन भी है। मैं जानता हूं। लेकिन दुर्भाग्य से जो कानून जिस तरह का इस मुल्क में है और जिस की आप वकालत करते है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता होनी चाहिये, उस व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर कानून के सामने सब को समानता का अधिकार होना चाहिये, उस के आधार पर सुप्रीम कोर्ट हाई कोर्ट के जो फैसले हैं, वे इस तरह के हैं; और उन का आधार हमारे जूरिसप्रूडन्स का यह सिद्धान्त है कि भले ही निनयान्वे दोषी आदमी बरी हो जाये, लेकिन एक निर्दोष को सजा नहीं होनी चाहिये, इस जूलिसप्रूडेन्स के आधार पर बने हुए कानून के मुताबिक बिना ठोस प्रमाण के किसी व्यक्ति को सजा नहीं दी जा सकती और यही दुर्भाग्य था, यही वजह थी कि सरकार को अपने हाथ में ये विस्तृत अधिकार लेने की जरूरत आई। वरना कोई जरूरत नहीं थी कि ऐसे अधिकार सरकार लेती।

मैं भी आप के साथ होता, वाजपेयी जी के साथ होता—इसका विरोध करने में। यदि

[श्री नवल किशोर शर्मा]

सरकार के लिए इस तरह का कानून बनाने के लिये औचित्य नही होता। लेकिन मुश्किल यह है कि हमारे विरोधी दल के लोग हमेशा इस तरह की बातें करते हैं। राजनितिक पहलू हो सकता है, राजनितिक तरीके से सरकार को गिराने की कोशिश भी हो सकती है, सरकार के खिलाफ बात करने की कोशिश भी हो सकती है, और वह आप करते भी हैं, सब लोगो का एक गठजोड हो गया है--जयप्रकाश जी के नेतृत्व में। लेकिन जय प्रकाश को जब वे भूदान की बात करते थे, तो उन के साथ लगने वाले सात आदमी भी नही थे और आज उन के साथ सारे विरोधी दल के नेता लग गये हैं, सब ने उनको लोकनायक बना दिया है और ये हमारे मार्किसस्ट बंधु भी उन के साथ गठबंधन करने को तैयार हो गये हैं ..(व्यवधान)..मैं इस विषय पर ज्यादा जाना नही चाहता, मैं यह कहना चाहता हू कि हमारे देश में विरोधी दल के लोग गरीब की बात करते हैं, चिल्लाते हैं और पुकार लगाते हैं, देश की अर्थ व्यवस्था खराब हो रही है, महगाई हो रही है लोग परेशान हैं और यह सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है, लेकिन जब सरकार कदम उठाती है तो शाबासी तो देते नही, यह तो कहते नही कि आपने अच्छा काम किया है बल्कि यह कहते है कि उस का दुरूपयोग होगा राजनितिक तरीके से। अभी सुब्रह्मण्यम साहब ने आप से ठीक ही पूछा था कि क्या आप कोई उदाहरण बता सकते हैं कि जिस मे मीसा के इस प्रावधान का दुरुपयोग किया गया हो राजनितिक उद्देश्यों के लिये (व्यवधान)

मैं यह कह रहा था कि यह एक ऐसा कानून है जिस का देश के लोगो ने स्वागत किया है, आम जनता ने स्वागत किया है, भले ही विरोधी दलों के लोग इस तरह की बात करे और यही वजह है कि ये सीधे नही कहते कि यह कानून खराब है। असल मे स्मगलर्स के खिलाफ मे आलोचना करते हैं कि राजनितिक नेताओं के साथ उन की साठगाठ जरूर है और मुझ को भी ऐसा लगता है कि राजनितिक नेताओ से साठगाठ है। बहुत आसानी से कह दिया कि कुमार मगलम साहब ने हाजी मस्तान की पैरवी की--पैरवी कर ली तो क्या हो गया? यह एक वकील का पेशा है, मेरे मित्र चटर्जी साहब सामने बैठे हैं, वे भी वकालत करते है। और वकालत के धन्धे मे एक मर्डरर आदमी भी उन के पास आता है, डकैत आता है उस की भी पैरवी करते है। अगर पैरवी नही करते है तो शायद आप को मालूम नही है--यह एक प्रोफेशनल मिसकान्डक्ट है। इस लिए कुमार मगलम साहब ने कोई गलती नही की।

सीधे सादे भोले आदमी हैं--हमारे गोखले साहब। इन के लिए कह दिया कि इन्होने एक व्यक्ति को सर्टिफिकेट दे दिया कि उस ने इन के चुनाव मे काम किया है। इस में क्या हो गया? चुनाव मे तो बहुत लोग काम करते है। हजारो लोग काम करते हैं। उन्होने यह तो नही कहा कि वह स्मगलर नही है या बहुत अच्छा चरित्रवान व्यक्ति है। उन्होने तो यह कहा है कि इन्होने मेरे चुनाव मे बहुत काम किया है। आइ विश हिम वेल। इस मे क्या बुराई है? लेकिन असल मे मुझे सन्देह होता है आप की नीयत पर जब आप पैरवी करते है--स्मगलिंग रोकने के इस कानून के खिलाफ, आप यह कहते है कि आर्डिनेन्स नही निकलवाना चाहिए, काम्प्रीहेन्सिव ला होना चाहिए, तो मुझे सन्देह होता है आप की नीयत पर और मुझे लगता है कि आप ने कही स्मगलर्स से पैसे तो नही ले लिए है? कही यह तो नही कि आप की और स्मगलर्स की साठगाठ है जो आप इस तरह के आरोप लगाते है। इसलिए मैं कहना चाहता हू कि देखिए--आग से मत खेलियेगा। इस देश की जनता बड़ी समझदार है। वह आप की इन हरकतो को

बहुत अच्छी तरह से समझती हूं । मैं चाहता हूं कि इस देश में विरोधी दल मजबूत हो, लेकिन आप की हरकतें ऐसी हैं, कि आप मजबूत नहीं हो पाते ।

मैं यह कह रहा था कि इस देश में यह ऐसा कानून बना है जिस की देश में आवश्यकता थी। मैं आप का ध्यान पिछले वित्त मंत्री श्री गणेश के एक वक्तव्य की ओर दिलाना चाहता हूं.....

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Burdwan): Should the Emergency continue?

SHRI NAWAL KISHORE SHARMA I am not concerned with it; it is for the Government to reply. I am on a different point altogether. When that comes up we shall express our views on that matter

मैं आप से कह रहा था—हमारे वित्त मंत्रालय के भूतपूर्व मंत्री श्री के० आर० गणेश ने कहा था—

श्री जनेश्वर मिश्र (इलाहबाद) . इसी लिए उन को निकाल दिया गया ।

श्री नवल किशोर शर्मा : इस तरह की बात कहना आप की आदत हो गई है । इस तरह की राजनीति में आप ही विश्वास करते हैं । हमारी पार्टी में क्या होता है इस का आप को क्या पता । आप अपने घर को ही सम्भालिए ।

मैं निवेदन कर रहा था—श्री गणेश ने साफ कहा था कि साधारण कानून के अन्तर्गत इन लोगों को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता । मैं आज के ही अखबार की एक खबर आप को सुनाता हूं—टाइम्ज आफ़ इंण्डिया में निकली इस खबर की ओर में इन विरोधी मित्रों का ध्यान खास तौर से दिलाना चाहता हूं । इस में लिखा है—

"Crime Branch solves the mystery of the watch murder."

एक मि० नरुला हैं जो स्मगलिंग का धन्धा करते थे । उन के यहां एक नौकर था—श्याम मलिक । श्याम से उन का झगड़ा हो गया, वह उन के यहां से चला गया । बाद में नरुला साहब के यहां सर्च हुई, जिस में कुछ माल बरामद हुआ । नरुला साहब ऐक बड़े स्मग्लर हैं, मीसा में उन का डिटेन्शन भी हुआ था । उन को शक हुआ कि श्याम मलिक ने यह सूचना दी है, इस लिए उन्होंने उस को मारने का षड़यन्त्र किया । श्याम मलिक को गोली से मार दिया गया । नरुला साहब गिरफ्तार हुए, लेकिन कानून तो कानून है, उस में सबूत के अभाव में छोड़ दिए गए । अब वाजपेयी जी ने बड़ी आसानी से कह दिया कि सरकार जमानतों की भी व्यवस्था कराती है । इस का मतलब है कि वाजपेयी जी को हमारी जुडीशियरी पर भी विश्वास नहीं है, वह समझते हैं कि जुडीशियरी भी गवर्नमेन्ट से इन्फ्लुएन्स्ड हो जाती है । मैं इन से पूछता हूं कि श्याम मलिक की हत्या के सिलसिले में अगर नरुला साहब छोड़ दिए गए तो सरकार के पास और क्या तरीका है ?

मैं एक बात और बतलाता हूं—ये स्मग्लर्स खुद माल नहीं लाते, माल मंगवाते हैं । इस काम में 66 हजार लोग लगे हुए हैं । इतना बड़ा गुजरात का कोस्ट है—वैस्ट कोस्ट—कैसे इन्तजाम करेंगे ? यह कह देना बहुत आसान है कि सी० आर० पी० या बार्डर सिक्योरिटी फोर्स को लगा दो, लेकिन इतने बड़े समुद्री हिस्से पर कैसे लगायेंगे—यह इतना आसान नहीं है । जो मास्टर-माइण्ड आपरेटर्स होते हैं, वे खुद नहीं पकड़े जा सकते,

[श्री नवल किशोर शर्मा]

क्योंकि वे खुद उस माल को नहीं लाते, उनके नौकर जा कर लाते हैं, इस तरह से बिना एविडेंस के किसी भी मुकदमे में सजा नहीं हो सकती—इसी लिए नरुला साहब बरी हो गये। इस तरह के लोग जिनके पास बड़े साधन हैं, सम्पत्ति है, जिन के बड़े जरये हैं, उन के द्वारा होने वाली इस स्मग्लिंग को बन्द करना है तो बतलाइये क्या रास्ता है? मेरी समझ में यदि कोई रास्ता दिखलाई देता है तो यही रास्ता है जो सरकार ने किया है और यह बात खाली सरकार की ही नहीं है—जैसा अभी वित्त मंत्री जी कह रहे थे—ला कमीशन ने खुद यह कहा है कि इस तरह के आफेन्सेज को रोकने के लिए यह जरूरी है कि स्पैशल तरीके से, स्पेशल प्रीवन्टिव डिटेन्शन जैसी चीज का इस्तेमाल किया जाय।

हमारे मित्र—वाजपेयी जी कह रहे थे कि साहब, यह बड़ी ज्यादती की बात है कि इस में लैकुना रह जाता है। लैकुना के कारण, ये लोग छूट रहे है। मैं निवेदन करना चाहता हूं——बम्बई हाई कोर्ट, गुजरात हाई कोर्ट या दूसरे हाई कोर्ट ने जो फैसले किए हैं—वे सिर्फ लैकुना के प्वाइन्ट पर नहीं किए हैं—अगर उन लोगों ने ऐसे ग्राउन्ड्स दिए हैं जो दो साल के बाहर के थे तो हाई कोर्टों का कहना था कि गिरफ्तारी के बाद नजदीक का कोई वाक्या या इंस्टेन्स दिया जाना चाहिए। पहले की घटना के आधार पर डिटेन्शन को ला-फुल नहीं मानेंगे। इसी वजह से दूसरा आर्डिनेन्स लाना बहुत जरूरी हो गया। हाई कोर्ट का यह कहना है कि दो साल के भीतर या कोई इंस्टेंस होना चाहिए। इस लिए हमें ऐसे अधिकारों की जरुरत थी जो अनफैटार्ड हों।

इसलिए—मेरा यह कहना है कि यह बिल ऐसा बिल है जिसका इस सदन को और सारे देश को स्वागत करना चाहिए। लेकिन यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि हमारे विरोधी दल इस बिल के खिलाफ भी विरोध प्रकट कर रहे हैं इस में भी राजनीति को घसीटना चाहते हे।

